# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 12/08/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** हड़प्पावासी, _______ उगाने वाले प्रथम यूरेशियाई थे।

**Ans**
✗ 1. नील
✓ 2. कपास
✗ 3. आलू
✗ 4. सरसों

**Q.2** जिस स्टेडियम में भारत ने दक्षिण एशियाई फुटबॉल संघ (SAFF) अंडर-19 चैंपियनशिप 2025 में बांग्लादेश को हराया था, उस स्टेडियम का नाम क्या था?

**Ans**
✗ 1. साल्ट लेक स्टेडियम, कोलकाता
✗ 2. जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, दिल्ली
✗ 3. JRD टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जमशेदपुर
✓ 4. यूपिया आउटडोर स्टेडियम, अरुणाचल प्रदेश

**Q.3** 1947-91 के दौरान प्राथमिक क्षेत्र में असमान क्षेत्रीय विकास देखा गया। हरित क्रांति से सबसे अधिक लाभ किस क्षेत्र को हुआ?

**Ans**
✗ 1. दक्षिणी भारत
✓ 2. उत्तरी भारत
✗ 3. पूर्वी भारत
✗ 4. पश्चिमी भारत

**Q.4** इंग्लैंड के वॉल्वरहैंपटन में आयोजित वर्ष 2025 कबड्डी विश्व कप में पुरुष और महिला दोनों वर्ग का खिताब किस देश ने जीता?

**Ans**
✗ 1. बांग्लादेश
✗ 2. ईरान
✓ 3. भारत
✗ 4. पाकिस्तान

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सा बौद्ध ग्रंथ है जिसमें बुद्ध के पूर्व जन्मों से संबंधित कथाएँ हैं?

**Ans**
✓ 1. जातक
✗ 2. मनुस्मृति
✗ 3. पंचतंत्र
✗ 4. अर्थशास्त्र

**Q.6** nPROUD (न्यू प्रोग्राम फॉर रिमूवल ऑफ अनयूज्ड ड्रग्स) परियोजना शुरू करने वाला पहला भारतीय राज्य/केंद्र शासित प्रदेश कौन-सा है?

**Ans**
- ✗ 1. तेलंगाना
- ✗ 2. महाराष्ट्र
- ✗ 3. दिल्ली
- ✓ 4. केरल

**Q.7** मिश्रित अर्थव्यवस्था में निजी और सार्वजनिक दोनों तरह के स्वामित्व शामिल होते हैं। भारत के मिश्रित अर्थव्यवस्था मॉडल की एक विशिष्ट विशेषता क्या थी?

**Ans**
- ✗ 1. उपभोक्तावाद पर फोकस
- ✗ 2. पूर्ण निजीकरण
- ✓ 3. मुख्य उद्योगों में सार्वजनिक क्षेत्र का प्रभुत्व
- ✗ 4. लाइसेंसिंग का अभाव

**Q.8** 13 मार्च 2025 को किन दो देशों ने नागोर्नो-काराबाख (Nagorno-Karabakh) क्षेत्र पर लगभग चार दशकों से चल रहे संघर्ष को समाप्त करते हुए ऐतिहासिक शांति संधि पर हस्ताक्षर किए?

**Ans**
- ✗ 1. अज़रबैजान और जॉर्जिया
- ✗ 2. जॉर्जिया और रूस
- ✗ 3. आर्मेनिया और तुर्की
- ✓ 4. आर्मेनिया और अज़रबैजान

**Q.9** यदि वायु का तापमान बढ़ जाता है, तो ध्वनि की गति और प्रतिध्वनि सुनने की न्यूनतम दूरी पर क्या प्रभाव पड़ता है?

**Ans**
- ✗ 1. गति कम हो जाती है, न्यूनतम दूरी बढ़ जाती है
- ✗ 2. गति बढ़ जाती है, न्यूनतम दूरी कम हो जाती है
- ✓ 3. गति बढ़ जाती है, न्यूनतम दूरी बढ़ जाती है
- ✗ 4. गति कम हो जाती है, न्यूनतम दूरी कम हो जाती है

**Q.10** 'द ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' और स्वराज की मांग करने वाले पहले भारतीय के रूप में किसे जाना जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. सुरेंद्रनाथ बनर्जी
- ✗ 2. गोपाल कृष्ण गोखले
- ✓ 3. दादाभाई नौरोजी
- ✗ 4. बाल गंगाधर तिलक

**Q.11** ग्राम सभा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

**Ans**
- ✗ 1. इसकी बैठक प्रत्येक पाँच वर्ष में केवल एक बार होती है।
- ✓ 2. इसमें पंचायत क्षेत्र के सभी वयस्क मतदाता शामिल होते हैं; इसकी भूमिका राज्य के कानून द्वारा परिभाषित होती है।
- ✗ 3. इसमें केवल ग्राम पंचायत के निर्वाचित सदस्य होते हैं।
- ✗ 4. इसे पंचायत के निर्णयों को रद्द करने का अधिकार है।

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सा, सूचना का अधिकार अधिनियम का मुख्य उद्देश्य है?

**Ans**
- ✗ 1. सरकारी अभिलेखों तक जनता की पहुँच को रोकना
- ✗ 2. लोक प्रशासन में गोपनीयता सुनिश्चित करना
- ✓ 3. पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना
- ✗ 4. मीडिया घरानों को निजी डेटा उपलब्ध कराना

Q.13 2025 में DRDO द्वारा लॉन्ग-रेंज एंटी-शिप मिसाइल (LRAShM) के सफल परीक्षण का क्या महत्व है?

Ans
- ✗ 1. यह भारत का पहला हाइपरसोनिक मिसाइल परीक्षण था
- ✓ 2. यह भारत की सामरिक निवारक क्षमताओं को बढ़ाता है
- ✗ 3. यह सौर नोदन का उपयोग करने वाली पहली मिसाइल थी
- ✗ 4. इसने विमानवाहक पोतों की आवश्यकता को प्रतिस्थापित कर दिया

Q.14 मई 2025 में बिहार में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का शुभंकर नाम क्या था?

Ans
- ✓ 1. गजसिम्हा (Gajsimha)
- ✗ 2. अप्पू (Appu)
- ✗ 3. निनी (Nini)
- ✗ 4. डू डू (Dou Dou)

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प ब्रिटिश शासन के अंतर्गत भारतीय उद्योगों की स्थिति का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
- ✓ 1. पारंपरिक उद्योगों का क्रमबद्ध पतन
- ✗ 2. आधुनिक विनिर्माण का शीघ्रता से विकास
- ✗ 3. स्वदेशी उद्यमिता को बढ़ावा
- ✗ 4. ग्रामीण भारत में व्यापक औद्योगीकरण

Q.16 सिंधु घाटी सभ्यता के एक महत्वपूर्ण शहर मोहनजोदड़ो में लॉस्ट-वैक्स (lost-wax) तकनीक का उपयोग करके तैयार की गई, प्रागैतिहासिक नर्तकी की मूर्ति मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस सामग्री से बनी है?

Ans
- ✗ 1. पत्थर
- ✗ 2. टेराकोटा
- ✓ 3. कांस्य
- ✗ 4. तांबा

Q.17 टैरिफ सुधार (Tariff reforms), व्यापार के उदारीकरण के लिए केंद्रीय थे। 1991 के बाद आयात टैरिफ (import tariff) का क्या हुआ?

Ans
- ✗ 1. इसमें वृद्धि हुई
- ✓ 2. यह धीरे-धीरे कम होता गया
- ✗ 3. यह अपरिवर्तित रहा
- ✗ 4. इसे आयात प्रतिबंधों से प्रतिस्थापित कर दिया गया

Q.18 थार मरुस्थल में दिखने वाली विशिष्ट भू-आकृति ________ है।

Ans
- ✗ 1. हिमनदीय हिमोढ़
- ✗ 2. जलोढ़ मैदान
- ✗ 3. नदी डेल्टा
- ✓ 4. बालू के टिब्बे

Q.19 निम्नलिखित में से क्या एक जल प्रदूषक है?

Ans
- ✗ 1. नाइट्रोजन गैस
- ✗ 2. ऑक्सीजन
- ✓ 3. लेड
- ✗ 4. कार्बन डाइऑक्साइड

Q.20 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, उग्रवादियों द्वारा समर्थित निष्क्रिय प्रतिरोध की रणनीति को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है?

Ans
- ✗ 1. औपनिवेशिक बलों के साथ सशस्त्र टकराव
- ✗ 2. विदेश में भारतीय युवाओं का सैन्य प्रशिक्षण
- ✓ 3. बहिष्कार, स्वदेशी और शासकों के साथ असहयोग
- ✗ 4. ब्रिटिश अधिकारियों की हत्या

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा प्राकृतिक क्षेत्र, सदाबहार सघन वनों और उच्च जैवविविधता के लिए जाना जाता है?

Ans
- ✓ 1. विषुवतीय क्षेत्र
- ✗ 2. स्टेपी क्षेत्र
- ✗ 3. भूमध्यसागरीय क्षेत्र
- ✗ 4. टुंड्रा क्षेत्र

Q.22 एशिया की पहली क्रॉस-कंट्री पाइपलाइन असम के नहरकटिया तेल क्षेत्र को किस रिफाइनरी से जोड़ती है?

Ans
- ✗ 1. मथुरा रिफाइनरी
- ✓ 2. बरौनी रिफाइनरी
- ✗ 3. पानीपत रिफाइनरी
- ✗ 4. हल्दिया रिफाइनरी

Q.23 गुजरात में रानी की बावड़ी जिसे आधिकारिक तौर पर रानी-की-वाव (Rani-ki-Vav) के नाम से जाना जाता है, किस नदी के किनारे स्थित है?

Ans
- ✗ 1. तापी
- ✗ 2. साबरमती
- ✓ 3. सरस्वती
- ✗ 4. नर्मदा

Q.24 जब आप एक ही स्थान पर एक ही नाम से फ़ोल्डर बनाते हैं तो क्या होता है?

Ans
- ✗ 1. सिस्टम स्वचालित रूप से इसे रिनेम करत देता है।
- ✓ 2. यह एक त्रुटि देता है।
- ✗ 3. यह पुराने फ़ोल्डर को रिप्लेस कर देता है।
- ✗ 4. यह मूल फ़ोल्डर ओपन करता है।

Q.25 राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) द्वारा, 22 मई 2025 को विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में महिलाओं के बीच AI साक्षरता और डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु कौन-सी पहल शुरू की गई थी?

Ans
- ✗ 1. डिजिटल शक्ति: वुमेन इन टेक
- ✗ 2. टेक सखी: महिला सशक्तिकरण
- ✗ 3. साइबर सखी: AI जागरूकता कार्यक्रम
- ✓ 4. यशोदा AI: आपकी AI सखी

Q.26 नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप, किस द्वीप का हिस्सा है?

Ans
- ✗ 1. माजुली द्वीप
- ✓ 2. अंडमान द्वीप समूह
- ✗ 3. रामेश्वरम द्वीप
- ✗ 4. लक्षद्वीप द्वीप समूह

**Q.27** अप्रैल 2025 की टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 'मेक-इन-इंडिया' पहल के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर कौन-सी, टेट्रावैलेंट डेंगू वैक्सीन (tetravalent dengue vaccine) बनाने की योजना बनाई गई है?

**Ans**

✔ 1. QDENGA (TAK-003)

✘ 2. TV003 / TV005

✘ 3. डेंगवैक्सिया (Dengvaxia)

✘ 4. CYD-TDCV

---

**Q.28** डेलॉइट (Deloitte) के अनुसार, स्वास्थ्य सेवा में AI, 2025 तक भारत की GDP को कितना बढ़ा देगा?

**Ans**

✘ 1. USD 12–18 बिलियन

✘ 2. USD 35–40 बिलियन

✘ 3. USD 45–50 बिलियन

✔ 4. USD 25–30 बिलियन

---

**Q.29** भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 (ISFR 2023) के अनुसार, किस भारतीय राज्य में देश का विशालतम वन आच्छादन (क्षेत्र-वार) है?

**Ans**

✘ 1. अरुणाचल प्रदेश

✔ 2. मध्य प्रदेश

✘ 3. छत्तीसगढ़

✘ 4. उत्तर प्रदेश

---

**Q.30** 25वें संशोधन ने भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में संशोधन करके संपत्ति के अधिकार को हटा दिया गया?

**Ans**

✘ 1. अनुच्छेद 33

✔ 2. अनुच्छेद 31

✘ 3. अनुच्छेद 12

✘ 4. अनुच्छेद 13

---

**Q.31** किसी वस्तु की स्थिति और गति के कारण उसकी कुल ऊर्जा को संदर्भित करने वाली यांत्रिक ऊर्जा का आयामी सूत्र क्या है?

**Ans**

✔ 1. $[M^1L^2T^{-2}]$

✘ 2. $[M^2L^2T^{-1}]$

✘ 3. $[ML^2T^{-3}]$

✘ 4. $[M^1L^2]$

---

**Q.32** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में 49 kg (क्लीन एंड जर्क) भारोत्तोलन वर्ग में नया रिकॉर्ड बनाने वाले हरसवर्धन साहू किस राज्य से संबन्धित हैं?

**Ans**

✘ 1. मिज़ोरम

✔ 2. ओडिशा

✘ 3. बिहार

✘ 4. असम

---

**Q.33** 1971 की चुनावी जीत के बाद, इंदिरा गांधी की सरकार ने निम्नलिखित में से किन विशेषाधिकारों को समाप्त करने में आने वाली विधिक बाधाओं को दूर करने के लिए संविधान में संशोधन किया?

**Ans**

✘ 1. ज़मींदारी प्रथा

✘ 2. एकाधिकार व्यापार लाइसेंस

✔ 3. पूर्व रियासतों के शाही भत्ते

✘ 4. अल्पसंख्यकों के लिए पृथक निर्वाचन क्षेत्र

Q.34 15 मई 2025 को, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र को किन मामलों से निपटने के लिए तत्काल प्रभाव से समर्पित अदालतें स्थापित करने का निर्देश जारी किया?

Ans
✔ 1. बाल यौन शोषण
✘ 2. संवैधानिक व्याख्या
✘ 3. दहेज उत्पीड़न
✘ 4. हत्या जैसे गंभीर अपराध

Q.35 निम्नलिखित में से कौन-सी मेमोरी अस्थिर होती है, अर्थात कंप्यूटर ऑफ होने पर इसका कंटेंट (contents) हट हो जाता है?

Ans
✘ 1. हार्ड डिस्क (Hard Disk)
✘ 2. पेन ड्राइव (Pen Drive)
✘ 3. रैम (ROM)
✔ 4. रोम (RAM)

Q.36 मार्च 2025 में, छठे बिम्सटेक (BIMSTEC) शिखर सम्मेलन की मेजबानी किस देश ने की?

Ans
✔ 1. थाईलैंड
✘ 2. भारत
✘ 3. बांग्लादेश
✘ 4. श्रीलंका

Q.37 2024 ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में किस देश को सबसे अधिक नवोन्मेषी देश का दर्जा दिया गया?

Ans
✘ 1. स्वीडन
✔ 2. स्विट्ज़रलैंड
✘ 3. संयुक्त राज्य अमेरिका
✘ 4. सिंगापुर

Q.38 भारत में लोक अदालतों द्वारा प्रायः निम्नलिखित में से किस प्रकार के मामलों पर सुनवाई नहीं की जाती है?

Ans
✘ 1. उपयोगिता बिल विवाद
✔ 2. हत्या के मुकदमे
✘ 3. मोटर दुर्घटना दावे
✘ 4. विवाह-विच्छेद समझौते

Q.39 भारत में निम्नलिखित में से किस शताब्दी के उत्तरार्ध में रेलवे का विशाल नेटवर्क, जिसने लोगों को अपने परिवार और रिश्तेदारों से मिलने में सहायता की, शुरू हुआ था?

Ans
✘ 1. 18वीं
✘ 2. 17वीं
✔ 3. 19वीं
✘ 4. 20वीं

Q.40 बेकिंग सोडा को रासायनिक रूप से क्या कहा जाता है?

Ans
✘ 1. सोडियम कार्बोनेट
✔ 2. सोडियम बाइकार्बोनेट
✘ 3. कैल्शियम कार्बोनेट
✘ 4. मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड

Section : **Mathematics**

**Q.1** $x(9x - 8) + 7(x^2 - 3) + 18$ को सरल करें।

**Ans**

✔ 1. $16x^2 - 8x - 3$

✘ 2. $16x^2 - 8x + 3$

✘ 3. $-16x^2 - 8x + 3$

✘ 4. $-16x^2 - 8x - 3$

**Q.2** यदि 6-अंकीय संख्या N75M52, 11 से विभाज्य है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प M और N के बीच संभावित सही संबंध दे सकता है?

**Ans**

✘ 1. M + N = -1

✘ 2. M - N = 5

✔ 3. M - N = 1

✘ 4. M = N

**Q.3** $47^{-8} \div 47^{3} \times 47^{-19}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✘ 1. $47^{-24}$

✘ 2. $47^{-27}$

✘ 3. $47^{-37}$

✔ 4. $47^{-30}$

**Q.4** $3^3 \times 8^2 \times 13$, $3^2 \times 13^2 \times 16$ और $8^3 \times 13^2 \times 16^2$ का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✘ 1. $3^3 \times 8^2 \times 13^2 \times 16$

✔ 2. $3^3 \times 8^3 \times 13^2 \times 16^2$

✘ 3. $3^2 \times 8^3 \times 13 \times 16^2$

✘ 4. $3^2 \times 8^2 \times 13^2 \times 16^3$

**Q.5** एक दुकानदार निम्नलिखित तीन योजनाएँ प्रदान करता है। किस योजना में अधिकतम छूट प्रतिशत है?

I. 15% और 20% की दो क्रमिक छूट।
II. 4 खरीदें 2 मुफ़्त पाएँ।
III. 6 खरीदें 4 मुफ़्त पाएँ।

**Ans**

✘ 1. I और II दोनों

✘ 2. केवल I

✔ 3. केवल III

✘ 4. केवल II

**Q.6** 66 km/hr की चाल से चलने वाली एक बस एक यात्रा 15 घंटे में पूरा करती है। 5 घंटे में समान दूरी तय करने के लिए उसकी चाल कितनी होनी चाहिए?

**Ans**

✔ 1. 198 km/hr

✘ 2. 193 km/hr

✘ 3. 203 km/hr

✘ 4. 202 km/hr

**Q.7** दक्ष, 200 km की यात्रा 50 km/hr की चाल से, अगली 252 km की यात्रा 42 km/hr की चाल से और उससे अगली 204 km की यात्रा 51 km/hr की चाल से करता है। संपूर्ण यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/hr में) कितनी है? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

**Ans**

✔ 1. 46.86

✘ 2. 53.45

✘ 3. 53.31

✘ 4. 38.25

Q.8 दो क्रमागत प्राकृत संख्याओं का गुणनफल 552 है। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या क्या है?

Ans
✗ 1. 15
✗ 2. 18
✗ 3. 27
✓ 4. 24

Q.9 संख्या 253118139 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?

Ans
✗ 1. 12
✗ 2. 5
✗ 3. 8
✓ 4. 3

Q.10 वीर ने ₹180/दर्जन की दर से कुछ शार्पनर खरीदे। उसने ₹23 प्रति शार्पनर की दर से उन्हें बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत ______ % है। (दशमलव के दो स्थान तक पूर्णांकित करें)

Ans
✗ 1. 51.33
✗ 2. 57.33
✗ 3. 55.33
✓ 4. 53.33

Q.11 सरल कीजिए: $(\cos^4 A - \sin^4 A + 1) \operatorname{cosec}^2 A$

Ans
✗ 1. $\tan^2 A$
✗ 2. $\cot^2 A$
✗ 3. $2 \tan^2 A$
✓ 4. $2 \cot^2 A$

Q.12 किसी संख्या में 6% की कमी करने पर 3760 प्राप्त होता है। वह संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 2000
✗ 2. 8000
✗ 3. 12000
✓ 4. 4000

Q.13 एक जिले की जनसंख्या 328000 है, जिसमें से 164000 पुरुष हैं। 24% जनसंख्या साक्षर है। यदि 34% पुरुष साक्षर हैं, तो कितने प्रतिशत महिलाएँ साक्षर हैं?

Ans
✗ 1. 17%
✓ 2. 14%
✗ 3. 13%
✗ 4. 11%

Q.14 यदि ₹400 की राशि 5.5 वर्ष के लिए 12% वार्षिक ब्याज दर पर उधार ली जाती है, तो साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 364
✓ 2. 264
✗ 3. 314
✗ 4. 244

Q.15 P की वर्तमान आयु का पाँच गुना, Q की वर्तमान आयु से 29 वर्ष अधिक है। 8 वर्ष बाद, Q की आयु का पाँच गुना, उस समय P की आयु के सात गुने से 17 वर्ष कम होगा। Q की वर्तमान आयु (वर्ष में) कितनी है?

Ans
1. 3
2. 6
3. 11
4. 5

Q.16 पाइप A एक टंकी को 18 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टंकी को 30 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टंकी को 18 घंटे में भर सकता है। यदि उन तीनों पाइप को एक साथ खोल दिया जाए तो उसी टंकी को भरने में उन्हें कितना समय लगेगा?

Ans
1. $11\frac{12}{13}$ घंटे
2. $6\frac{12}{13}$ घंटे
3. $2\frac{12}{13}$ घंटे
4. $13\frac{12}{13}$ घंटे

Q.17 ABCD एक समलम्ब है जिसमें $BC \parallel AD$ और AC = CD है। यदि ∠ABC = 24° और ∠BAC = 112° है, तो ∠ACD का माप (डिग्री में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 99°
2. 90°
3. 92°
4. 77°

Q.18 M और N एक व्यवसाय शुरू करते हैं। M, 4 महीने के लिए, N के निवेश से ₹68,000 अधिक निवेश करता है और N, 7 महीने के लिए निवेश करता है। कुल लाभ ₹6,848 में से M का हिस्सा, N के हिस्से से ₹856 अधिक है। M द्वारा निवेशित पूंजी ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹1,22,400
2. ₹1,22,000
3. ₹1,23,400
4. ₹1,23,000

Q.19 रेखा, संजय और पूनम ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए क्रमशः ₹1,320, ₹1,170 और ₹1,660 का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में लाभ ₹1,010 है, तो लाभ में पूनम का हिस्सा कितना है?

Ans
1. ₹407
2. ₹404
3. ₹402
4. ₹405

Q.20 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:
−12 − {−8 × (6 − 12) + 30 ÷ (−6)}

Ans
1. −52
2. −58
3. −57
4. −55

**Q.21** किसी वर्ग का परिमाप 76 m है। इसका क्षेत्रफल ($m^2$ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 360
- ✗ 2. 372
- ✗ 3. 336
- ✓ 4. 361

**Q.22** पांच सदस्यों वाले परिवार का औसत वजन (kg में) कितना होगा, जिनका वजन 40 kg, 49 kg, 56 kg, 74 kg और 35 kg है?

**Ans**
- ✗ 1. 51.8
- ✓ 2. 50.8
- ✗ 3. 49.8
- ✗ 4. 52.8

**Q.23** एक धनराशि चक्रवृद्धि ब्याज की एक निश्चित दर पर 11 वर्षों में तीन गुनी हो जाती है। कितने वर्षों में यह धनराशि 27 गुना हो जाएगी?

**Ans**
- ✗ 1. 31 वर्ष
- ✗ 2. 26 वर्ष
- ✗ 3. 37 वर्ष
- ✓ 4. 33 वर्ष

**Q.24** 13 cm भुजा वाले समबाहु त्रिभुज का परिमाप कितना है?

**Ans**
- ✗ 1. 40 cm
- ✗ 2. 52 cm
- ✗ 3. 26 cm
- ✓ 4. 39 cm

**Q.25** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 6,30,605 को विभाजित करती है?

**Ans**
- ✓ 1. 5
- ✗ 2. 3
- ✗ 3. 7
- ✗ 4. 14

**Q.26** एक दुकानदार एक पंखे का मूल्य, उसके क्रय मूल्य से 60% अधिक अंकित करता है और इसके अंकित मूल्य पर 15% की छूट देता है। यदि वह ₹117 का लाभ अर्जित करता है, तो पंखे का अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 398
- ✗ 2. 283
- ✓ 3. 520
- ✗ 4. 470

**Q.27** एक वस्तु का अंकित मूल्य ₹800 है। इसे क्रमशः 24% और 15% की दो क्रमिक छूटों पर बेचा जाता है। वस्तु का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. ₹625.78
- ✗ 2. ₹686.42
- ✓ 3. ₹516.80
- ✗ 4. ₹595.48

**Q.28** पाइप P, किसी टैंक के $\frac{2}{3}$ भाग को 16 घंटे में भर सकता है, और पाइप Q उसी टैंक के $\frac{5}{6}$ भाग को 20 घंटे में भर सकता है। P और Q दोनों को 2 घंटे के लिए चालू रखा जाता है, और फिर दोनों को बंद कर दिया जाता है। फिर पाइप R को अकेले चालू किया जाता है जो टैंक के पानी को 8 घंटे में खाली कर देता है। पाइप P, Q और R मिलकर खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं?

**Ans**
- ✗ 1. 26 घंटे
- ✗ 2. 8 घंटे
- ✗ 3. 29 घंटे
- ✓ 4. 16 घंटे

**Q.29** प्रथम 169 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 170.5
- ✗ 2. 171
- ✓ 3. 170
- ✗ 4. 169.5

**Q.30** यदि 9 और 60 का तृतीयानुपाती x हो, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 398
- ✓ 2. 400
- ✗ 3. 401
- ✗ 4. 402

## Section : General Intelligence and Reasoning

**Q.1** नीचे दी गई श्रृंखला में, प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

801 800 792 765 701 ?

**Ans**
- ✗ 1. 656
- ✓ 2. 576
- ✗ 3. 676
- ✗ 4. 556

**Q.2** उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

HJS : JNV
ACJ : CGM

**Ans**
- ✗ 1. WSK : YWM
- ✓ 2. ORC : QVF
- ✗ 3. LHS : NLW
- ✗ 4. OPC : QSG

**Q.3** उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)

(112, 104, 96)
(136, 128, 120)

**Ans**
- ✗ 1. (91, 83, 77)
- ✗ 2. (140, 134, 130)
- ✗ 3. (129, 121, 116)
- ✓ 4. (154, 146, 138)

**Q.4** निम्नलिखित त्रिकों में, प्रत्येक अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।

SONG - OSNG - GNOS
DAWN - ADWN - NWAD

**Ans**
✗ 1. OPEN - POEN - NPEO
✗ 2. ROLE - ORLE - OLER
✓ 3. PLOG - LPOG - GOLP
✗ 4. EXIL - EIXL - LIXE

**Q.5** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'FATE' को '3257' और 'AIDS' को '6142' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**
✓ 1. 2
✗ 2. 4
✗ 3. 6
✗ 4. 5

**Q.6** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
✗ 1. GK-FI
✗ 2. QU-PS
✓ 3. JN-IK
✗ 4. DH-CF

**Q.7** मनोज बिंदु E से यात्रा शुरू करता है और पश्चिम की ओर 4 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। वह दाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है। वह फिर से बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। वह फिर से बाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है। अंतत: वह दाएं मुड़ता है और बिंदु D तक पहुंचने के लिए 3 km ड्राइव करता है। बिंदु E तक फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं।)

**Ans**
✗ 1. 4 km पूर्व
✗ 2. 3 km पूर्व
✓ 3. 5 km उत्तर
✗ 4. 3 km उत्तर

**Q.8** मिस्टर इंटू अपनी कक्षा में ऊपर से 96वें स्थान पर और नीचे से 31वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans**
✗ 1. 123
✗ 2. 125
✓ 3. 126
✗ 4. 128

**Q.9** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

40 , 48 , 58 , 66 , 76 , ?

**Ans**
✓ 1. 84
✗ 2. 89
✗ 3. 85
✗ 4. 86

Q.10 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

17 ÷ 5 − 25 + 42 × 7 = ?

Ans
1. 104 ✔
2. 103 ✘
3. 105 ✘
4. 106 ✘

Q.11 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. QU - VZ ✘
2. EI - JN ✘
3. JL - MK ✔
4. OS - TX ✘

Q.12 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, SACU एक निश्चित प्रकार से ZHJB से संबंधित है। UCEW उसी प्रकार BJLD से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, PXZR निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans
1. GWER ✘
2. WEGY ✔
3. GTRE ✘
4. GERT ✘

Q.13 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'am with you' को 'mp rk tp' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'go with him' को 'rk lo wt' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'with' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
1. tp ✘
2. mp ✘
3. rk ✔
4. lo ✘

Q.14 संख्या 8731245 में प्रत्येक अंक को बाएँ से दाएँ आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
1. दो ✘
2. तीन ✘
3. एक ✔
4. एक भी नहीं ✘

Q.15 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी ग्लोब, गेंद हैं।
सभी ग्लोब, मानचित्र हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ गेंदें, मानचित्र हैं।
(II): सभी मानचित्र, ग्लोब हैं।

Ans
1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। ✘
2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। ✘
3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। ✔
4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। ✘

Q.16 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

QNK WTQ CZW IFC ?

Ans
1. LIO
2. OLI
3. LOI
4. OIL

Q.17 पीयूष अपनी कक्षा में शीर्ष से 35वें स्थान पर और नीचे से 18वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
1. 53
2. 54
3. 51
4. 52

Q.18 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय संख्याएँ हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 5 # % 2 ^ @ 3 & 1 $ 7 Ω 5 % # 6 * 1 9 (दाएं)

श्रृंखला में कितने प्रतीकों के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद एक संख्या है?

Ans
1. तीन
2. एक भी नहीं
3. दो
4. एक

Q.19 नीचे दी गई श्रृंखला में, प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

101 110 121 134 149 ?

Ans
1. 166
2. 159
3. 163
4. 156

Q.20 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

YQT VNQ SKN PHK ?

Ans
1. MFH
2. MEH
3. MEG
4. MFG

Q.21 वरुण अपनी कक्षा में शीर्ष से 34वें स्थान पर तथा नीचे से 11वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
1. 45
2. 42
3. 43
4. 44

Q.22 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. YE - DY
✓ 2. FV - KO
✗ 3. MG - RA
✗ 4. IL - NF

Q.23 टाउन Q, टाउन P के पूर्व में है। टाउन R, टाउन Q के दक्षिण में है। टाउन S, टाउन R के पूर्व में है। टाउन T, टाउन S के दक्षिण में है। टाउन U, टाउन T के पूर्व में है। टाउन Q के संबंध में टाउन U की स्थिति क्या है?

Ans
✗ 1. उत्तर-पश्चिम
✓ 2. दक्षिण-पूर्व
✗ 3. उत्तर-पूर्व
✗ 4. उत्तर

Q.24 यदि '+' का अर्थ 'घटाना', '–' का अर्थ 'गुणा', '×' का अर्थ 'भाग' और '÷' का अर्थ 'जोड़' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

9 − 5 + 82 × 2 ÷ 17 = ?

Ans
✗ 1. 31
✗ 2. 24
✗ 3. 27
✓ 4. 21

Q.25 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) < 7 5 9 @ ? 2 @ + $ 4 ? ? & 2 $ 5 ? 1 % * (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans
✓ 1. दो
✗ 2. तीन
✗ 3. चार
✗ 4. एक

Q.26 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
A के दाईं ओर से गिने जाने पर A और G के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। G और C के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। A और F के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। E, D के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
C के दाईं ओर से गिने जाने पर C और E के बीच कितने लोग बैठे हैं?

Ans
✗ 1. दो
✗ 2. तीन
✗ 3. चार
✓ 4. एक

**Q.27** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।
कथन:
सभी गौरैया, उल्लू हैं।
कोई गौरैया, तोता नहीं है।
निष्कर्ष:
(I): कोई उल्लू, तोता नहीं है।
(II): कोई तोता, गौरैया नहीं है।

**Ans**
✔ 1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✘ 2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✘ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✘ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

**Q.28** सात व्यक्ति, I, J, K, L, M, N और O, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। M और J के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। O, J के बाएं ठीक पड़ोस बैठा है। I के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। I और O के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N, L के दाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। K और N के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
✘ 1. चार
✘ 2. तीन
✘ 3. एक
✔ 4. दो

**Q.29** A, H का पिता है। H, G का पिता है। G, E का पुत्र है। F, E का पिता है। A का F से क्या संबंध है?

**Ans**
✘ 1. पति का पिता
✘ 2. पुत्री के पति का भाई
✘ 3. पुत्री का पति
✔ 4. पुत्री के पति का पिता

**Q.30** संख्या 81674293 में प्रत्येक अंक को बाएँ से दाएँ आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा अंक बाएँ से चौथे स्थान पर होगा?

**Ans**
✔ 1. 4
✘ 2. 7
✘ 3. 6
✘ 4. 3